वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष:5 अंक: 281 | मंगलवार 10 मार्च 2026 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में मजबूत हुआ सामाजिक सुरक्षा का कवच

### राज्य सरकार ने पेंशन से जुड़ी संपूर्ण प्रक्रिया को ऑनलाइन और पेपरलेस किया

## अंत्योदय को संबल, संवेदनशील शासन की पहचान बनी सामाजिक सुरक्षा पेंशन

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विगत दो वर्षों में 1 हजार से बढ़ाकर, पेंशन राशि को किया 1450 रुपए प्रतिमाह



**पेंशन योजनाओं का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों को आत्मसम्मान प्रदान करना**

**जयपुर. कासं**

राजस्थान में सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में कई महत्वपूर्ण और प्रभावी निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं को निरंतर सुदृढ़ किया गया है, जिससे प्रदेश के लाखों जरूरतमंद नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन का भरोसा मिला है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संवेदनशील और प्रभावी नेतृत्व वाली राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के अनुरूप सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि में चरणबद्ध तरीके से वृद्धि की गई है। वर्ष 2024 में पेंशन राशि 1000 रुपये प्रतिमाह थी, जिसे बढ़ाकर 1150 रुपये किया गया। इसके बाद वर्ष 2025 में इसे 1250 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया। जनवरी 2026 में इसे बढ़ाकर 1300 रुपये प्रतिमाह किया गया और अब राज्य सरकार ने इसे बढ़ाकर 1450 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। इस प्रकार विगत दो वर्षों में पेंशन राशि में 450 रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### डीबीटी से पारदर्शी और समयबद्ध भुगतान

मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार ने पेंशन भुगतान व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) प्रणाली को अपनाया है। इसके तहत पेंशन राशि सीधे लाभार्थियों के जनाधार पंजीकृत बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है। इस व्यवस्था से भुगतान प्रक्रिया पारदर्शी बनी है और लाभार्थियों को समय पर पेंशन राशि प्राप्त हो रही है।

### तकनीक आधारित पारदर्शी पेंशन प्रणाली

राज्य सरकार ने पेंशन व्यवस्था को तकनीक से जोड़ते हुए इसे सरल और नागरिक-अनुकूल बनाया है। पेंशन से जुड़ी संपूर्ण प्रक्रिया को ऑनलाइन और पेपरलेस किया गया है। जनआधार आधारित सत्यापित डेटा के माध्यम से आवेदन, स्वीकृति और भुगतान की प्रक्रिया संचालित की जा रही है, जिससे पात्र व्यक्ति स्वयं, मोबाइल ऐप या ई-मित्र केंद्र के माध्यम से आसानी से आवेदन कर सकते हैं।

### सत्यापन प्रक्रिया को बनाया सरल

यह सीएम शर्मा की ही दूरदर्शी सोच है कि पेंशन लाभार्थियों के वार्षिक सत्यापन की प्रक्रिया को भी निरंतर सरल बनाया गया है। लाभार्थी बायोमेट्रिक, प्रमाणीकरण, मोबाइल ऐप तथा ओटीपी आधारित प्रणाली के माध्यम से अपना सत्यापन करवा सकते हैं। यदि किसी कारणवश बायोमेट्रिक सत्यापन संभव नहीं हो पाता, तो संबंधित अधिकारी के समक्ष दस्तावेजों के सत्यापन के बाद स्वयं अथवा संबंधित पेंशन स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के आधार पंजीकृत मोबाइल पर ओटीपी के माध्यम से भी सत्यापन किया जा सकता है।

### कमजोर वर्गों को मिल रहा सम्मान और सुरक्षा

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों को आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्थायित्व प्रदान करना भी है। केंद्र तथा राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं मिलकर इस उद्देश्य को साकार कर रही हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार समाज में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में लगातार वृद्धि और पारदर्शी भुगतान व्यवस्था इस प्रतिबद्धता को मजबूत बनाती है। पेंशन राशि में हुई यह वृद्धि प्रदेश के लाखों परिवारों के लिए आर्थिक स्थिरता, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार बन रही है।

### 91 लाख से अधिक लाभार्थियों को मिल रहा लाभ

प्रदेश में वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत 91 लाख से अधिक लाभार्थियों को नियमित पेंशन प्रदान की जा रही है। इनमें वृद्धजन, विधवा एवं एकल नारी, विशेष योग्यजन (दिव्यांगजन) तथा लघु एवं सीमांत कृषक शामिल हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को न्यूनतम आर्थिक सहारा उपलब्ध कराना है, ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें और दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें। जनवरी 2026 की पेंशन के बिल भी तैयार कर ईसीएस के लिए भेज दिए गए हैं, जिससे जल्द ही यह राशि लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा हो जाएगी।

### बैंकिंग तकनीकी समस्याओं के समाधान के प्रयास

बैंकों के विलय के कारण आईएफएससी कोड बदलने से कुछ लाभार्थियों की पेंशन अस्थायी रूप से लंबित हो गई थी। राज्य सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए विशेष प्रयास किए हैं और अधिकांश लाभार्थियों की पेंशन का भुगतान सुनिश्चित किया जा चुका है। भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए बैंकिंग संस्थाओं और संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर पेंशन पोर्टल पर बैंक वितरण संबंधी डाटा अद्यतन करने की प्रक्रिया पर भी कार्य किया गया है।

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार ने पेंशन भुगतान व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) प्रणाली को अपनाया है। इसके तहत पेंशन राशि सीधे लाभार्थियों के जनाधार पंजीकृत बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है। इस व्यवस्था से भुगतान प्रक्रिया पारदर्शी बनी है और लाभार्थियों को समय पर पेंशन राशि प्राप्त हो रही है।**

# दवा प्रतिनिधियों का होली मिलन समारोह आयोजित

**आजाद शेरवानी**

**कोटा. शाबाश इंडिया।** ऑर्गेनाईजेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रजेंटेटिव ऑफ इंडिया (ओमश्री) कोटा महानगर द्वारा भितरिया कुंड, शिवपुरा (कोटा) में स्नेहपूर्ण वातावरण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ओमश्री कोटा के अध्यक्ष गणेश सुवालका की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ, कोटा के जिला अध्यक्ष अमित सक्सेना तथा जिला मंत्री रवि गौतम उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों का श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला मंत्री रवि गौतम ने कहा कि किसी भी संगठन को मजबूत और सक्रिय रूप से संचालित करने के लिए आर्थिक




व्यवस्था का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी साथियों से आग्रह किया कि जिन सदस्यों ने अभी तक अपना सदस्यता शुल्क जमा नहीं कराया है, वे शीघ्र जमा कराएं, ताकि संगठन को प्रभावी रूप से संचालित किया जा सके। वहीं जिला अध्यक्ष अमित सक्सेना ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत उसकी एकता और कार्यकताओं की सक्रियता में निहित होती है। सभी साथियों को मिलकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर ओमश्री के जिला सचिव विशाल पोरवाल ने सभी दवा प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि होली जैसे पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द और संगठनात्मक एकता को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। समारोह में कोटा के दवा प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के उपरांत सभी साथियों ने पारंपरिक दाल-बाटी का आनंद लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रमोद दहिया, देवराज नागर, रवि छाबड़ा, शिव शर्मा, भीम सुमन और सुमित सहित अन्य साथियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।







# घुवारा जैन समाज की भक्तिः 150 श्रद्धालुओं ने गुनौर पहुँचकर पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज को किया श्रीफल भेंट

## गजरथ महोत्सव का आमंत्रणः विशुद्ध सागर जी महाराज से घुवारा पधारने का किया निवेदन, 150 धर्मावलंबी पहुँचे गुनौर

**पन्ना/गुनौर. शाबाश इंडिया**




सर्वोत्कृष्ट समाधि साधक गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महामुनिराज के पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ के मंगल दर्शन हेतु घुवारा जैन समाज के 150 धर्मावलंबी 3 बसों के माध्यम से पन्ना जिले के गुनौर नगर पहुँचे। वर्तमान में पट्टाचार्य श्री के सानिध्य में गुनौर में 5 से 10 मार्च तक 'श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव' आयोजित किया जा रहा है। इसी महोत्सव के तप कल्याणक दिवस के पावन अवसर पर घुवारा समाज के प्रतिनिधियों ने महाराज श्री के चरणों में श्रीफल भेंट किया। समाज के प्रतिनिधियों ने पट्टाचार्य श्री से आगामी 22 से 27 मार्च 2026 तक घुवारा में आयोजित होने जा रहे 'श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक जिन बिम्ब प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव' में मंगल सानिध्य प्रदान करने हेतु विनम्र निवेदन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान समाज के श्रावक-श्राविकाओं में भारी उत्साह देखा गया और संपूर्ण वातावरण 'आचार्य श्री' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

# बंधुआ मुक्ति मोर्चा ने मनाया महिला दिवस

## शिक्षा और आत्मनिर्भरता से ही संभव है नारी मुक्ति




**अलवर. शाबाश इंडिया।** बंधुआ मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में राज गुप्ता सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बालिकाओं की शिक्षा और महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन पर विशेष बल दिया।

### शिक्षा से खुलेगा सफलता का मार्ग

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महिला थाना अधिकारी श्रीमती कांता एवं विजय मंदिर थाना अधिकारी श्रीमती प्रेमलता उपस्थित रहीं। दोनों अधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं से अपनी बालिकाओं को उच्च शिक्षित बनाने की भावुक अपील की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बालिकाएं अपनी शिक्षा के दम पर किसी भी बड़े पद तक पहुँच सकती हैं, बस उन्हें सही अवसर और प्रोत्साहन की आवश्यकता है।

### आत्मनिर्भरता ही सशक्तिकरण का आधार

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती रेनू गुप्ता ने कहा कि महिला मुक्ति का मार्ग उनकी आर्थिक स्वतंत्रता और शिक्षा से होकर गुजरता है। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से महिलाओं को अपनी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के व्यावहारिक तरीके समझाए। मुख्य वक्ता के रूप में बंधुआ मुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश याज्ञिक ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह समाज का दुर्भाग्य है कि हमने अपनी 'आदिशक्ति' को सीमित दायरे में बाँध रखा है। जिस दिन आधी आबादी को उनका पूरा हक मिल जाएगा, उस दिन महात्मा ज्योतिबा फुले, डॉ. अंबेडकर और महर्षि दयानंद सरस्वती जैसे महान समाज सुधारकों का सपना वास्तव में साकार होगा। समारोह में शिक्षाविद सूची गुप्ता, अलवर बार एसोसिएशन की पुस्तकालय सचिव एडवोकेट सीमा मुखीजा, श्रम विभाग की महिला निरीक्षक श्रीमती प्रिया यादव, सोनू शर्मा एवं आशा देवी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती हरप्रीत कौर द्वारा किया गया।

# कराओके से सजी पिंक क्लब की होली महफिल



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

शाहपुरा हाउस, बनीपार्क में 'पिंक क्लब' द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में फूलों की होली और फाग के गीतों ने उत्सव का अनूठा रंग जमाया। कार्यक्रम की शुरूआत शीतल ठंडाई और पारंपरिक चंग की थाप के साथ हुई। डॉ. सुषमा के.के. ने बताया कि इस वार्षिक आयोजन का सभी सदस्य वर्षभर बेसब्री से इंतजार करते हैं। समारोह में कराओके के माध्यम से 'नाचे गोरी बाजे रे रंगीलो चंग रसिया', 'बजाओ चंग कि गोरी नाचेली', 'एक के दो दो के चार', 'रंग बरसे भीगे चूनर वाली', 'होलिया में उड़े रे गुलाल', 'अरे जा रे हट नटखट' और 'नैना नीचे कर ले श्याम' जैसे सदाबहार होली गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण उल्लासपूर्ण हो गया। इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्य रंग-बिरंगी साड़ियों में सज-धज कर आईं और एक-दूसरे को गुलाल का टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ होली पर आधारित 'हाउजी' और विभिन्न मनोरंजक खेल (गेम्स) भी खेले गए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने कांजी वड़ा, गुजिया और अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। इस उत्सव में डॉ. उषा, सुषमा गुप्ता, लता, सुमित्रा, दिव्या, यशोधरा, अलका, अमिता, उषा, प्रमिला, आभा, गायत्री आदि ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## अंतर्राष्ट्रीय

### विश्व में अशांति का ठेका और नोबेल शांति पुरस्कार की लालसा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हठधर्मिता और अनिश्चित व्यवहार ने वर्तमान में लगभग पूरी दुनिया को एक विनाशकारी युद्ध की दहलीज पर खड़ा कर दिया है। अमेरिका और इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपा गया यह अकारण युद्ध एक ऐसी त्रासदी है, जिसके परिणामों के विषय में सामरिक विशेषज्ञ भी सटीक भविष्यवाणी करने में असमर्थ हैं। इस युद्ध की लपटें अब मध्य पूर्व की सीमाओं को लांघकर वैश्विक स्तर पर फैल चुकी हैं, जिससे प्रत्यक्ष रूप से 20 से अधिक देश प्रभावित हैं। 28 फरवरी से आरंभ हुए इस संघर्ष में अब तक हजारों निर्दोष नागरिक अपनी जान गंवा चुके हैं। युद्ध के शुरूआती दौर में ही ईरान ने अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई को खो दिया। अत्यंत हृदयविदारक घटना ईरान के दक्षिणी शहर मिनाब में घटित हुई, जहाँ अमेरिका और इस्राईल के हमले में एक प्राथमिक कन्या विद्यालय को निशाना बनाया गया। इस प्रहार में 7 से 12 वर्ष की लगभग 175 छात्राएं मारी गईं। ट्रंप द्वारा जनित यह अशांति कुवैत, इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और तुर्की जैसे देशों तक पहुँच चुकी है। यहाँ तक कि भारतीय समुद्री क्षेत्र में भी अमेरिकी पनडुब्बी ने अतिथि के रूप में आए ईरानी नौसैनिक जहाज को डुबोकर तनाव बढ़ा दिया है। इस सैन्य कार्रवाई से न केवल वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने की आशंका है, बल्कि तेल संकट और हवाई मार्गों के बंद होने से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था डगमगा गई है। आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि विश्व में इस अशांति के सूत्रधार डोनाल्ड ट्रंप स्वयं को एक 'विश्व शांतिदूत' के रूप में देखते हैं। वे प्रतिष्ठित 'नोबेल शांति पुरस्कार' प्राप्त करने के लिए सदैव लालायित रहे हैं। उन्होंने न केवल सार्वजनिक रूप से इस पुरस्कार की इच्छा व्यक्त की, बल्कि इसके लिए सक्रिय रूप से प्रयास भी किए। 2025 में संयुक्त राष्ट्र की सभा में उन्होंने यहाँ तक दावा किया कि हर कोई कहता है कि मुझे नोबेल शांति पुरस्कार मिलना ही चाहिए। ट्रंप ने इस पुरस्कार के लिए नॉर्वेजियन नोबेल समिति पर दबाव बनाने का अभूतपूर्व प्रयास किया।

## संपादकीय

# राष्ट्र की औद्योगिक और रणनीतिक सुरक्षा का आधार स्तंभ

प्रत्येक वर्ष 10 मार्च को 'केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल' (सीआईएसएफ) का स्थापना दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1969 में संसद के एक अधिनियम के माध्यम से गठित इस बल ने देश की औद्योगिक इकाइयों, विमानपत्तनों, मेट्रो रेल तंत्र और रणनीतिक संपत्तियों की सुरक्षा में अपरिहार्य भूमिका निभाई है। यह दिवस केवल एक सुरक्षा बल की वर्षगांठ मात्र नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय अवसंरचना की रक्षा के प्रति हमारे सामूहिक उत्तरदायित्व का स्मरण भी है। तेजी से विकसित होते भारत में ऊर्जा संयंत्र, इस्पात कारखाने, परमाणु प्रतिष्ठान, बंदरगाह, तेल शोधन शालाएं और सूचना प्रौद्योगिकी उद्यान राष्ट्र की आर्थिक रीढ़ हैं। इन संपत्तियों की सुरक्षा में तनिक भी व्यवधान सीधे राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। प्रारंभ में, इस बल का गठन केवल सार्वजनिक क्षेत्र के औद्योगिक उपक्रमों की सुरक्षा के लिए किया गया था, परंतु समय के साथ इसकी जिम्मेदारियों का विस्तार हुआ। आज यह बल देश के संवेदनशील विमानपत्तनों और दिल्ली मेट्रो जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं की सुरक्षा का उत्तरदायित्व अत्यंत कुशलता से संभाल रहा है। आतंकवाद, साइबर सुरक्षा के खतरे, आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियां और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सीआईएसएफ की भूमिका निरंतर विकसित हुई है। आधुनिक तकनीक, उन्नत निगरानी प्रणालियों और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम से यह बल सुरक्षा के नए मानक स्थापित कर रहा है। विशेष रूप से विमानपत्तनों पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनकी यात्रा को सुगम बनाने के बीच संतुलन स्थापित करना एक अत्यंत जटिल कार्य है, जिसे इस बल के कर्मी अपनी कर्मठता से पूर्ण करते हैं। यह बल केवल एक सशस्त्र सुरक्षा बल नहीं है, बल्कि आपदा के समय सहायता और राहत कार्यों में भी सदैव तत्पर रहता है। औद्योगिक दुर्घटनाओं, प्राकृतिक आपदाओं या किसी भी आपात स्थिति में इसकी सक्रियता उल्लेखनीय रही है। इस बल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी लैंगिक समानता की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। महिला सुरक्षा कर्मियों की तैनाती ने सुरक्षा व्यवस्था को अधिक संवेदनशील और समावेशी बनाया है, जो समाज के हर वर्ग के लिए सुरक्षा के अनुभव को सहज बनाता है। राष्ट्रीय विकास की गति तभी स्थिर रह सकती है, जब हमारे रणनीतिक संस्थान सुरक्षित हों। यदि ऊर्जा संयंत्र, परिवहन तंत्र या वित्तीय संस्थान असुरक्षित होंगे, तो आर्थिक प्रगति की नींव डगमगा सकती है। अतः, इस बल का कार्य केवल पहरेदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की आर्थिक और सामाजिक स्थिरता की रक्षा से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा है। सुरक्षा और विकास एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, और यह बल इस संतुलन को बनाए रखने का कार्य करता है। सीआईएसएफ स्थापना दिवस हमें यह बोध कराता है कि सुरक्षा केवल सीमाओं पर तैनात सैनिकों का ही उत्तरदायित्व नहीं है, बल्कि औद्योगिक और शहरी तंत्र की रक्षा में लगे ये 'अदृश्य प्रहरी' भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# युवा जोश और नई चुनौतियां

### भारत-नेपाल संबंधों का भविष्य

सौरभ वार्ष्णेय

भारत की सीमा से सटे नेपाल में एक नया राजनीतिक सितारा उभरा है बालेन शाह। पेशे से अभियंता और लोकप्रिय गायक रहे बालेन ने पारंपरिक दलों के पुराने राजनीतिक ढांचे को चुनौती देकर एक नई मिसाल कायम की है। पिछले वर्ष के 'नई पीढ़ी' के आंदोलन के बाद यह नेपाल का पहला आम चुनाव है, जहाँ काठमांडू के पूर्व महापौर बालेन शाह की 'राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी' शुरूआती रुझानों में बेहद मजबूत स्थिति में दिख रही है। 35 वर्षीय बालेन की लोकप्रियता ने उन्हें प्रधानमंत्री पद की दौड़ में भी शामिल कर दिया है।

### सत्ता के शिखर की ओर कदम

नेपाल में संसदीय लोकतंत्र है, जहां प्रतिनिधि सभा (निचला सदन) भारत की लोकसभा की तरह महत्वपूर्ण है। बालेन शाह की जीत का मुख्य आधार उनकी साफ-सुथरी छवि, त्वरित निर्णय क्षमता और 'व्यवस्था' बदलने का वादा है। महापौर रहते हुए उन्होंने अवैध कब्जे हटाने, शहरी ढांचे को सुधारने और प्रशासनिक पारदर्शिता लाने के लिए जो कड़े कदम उठाए, उसने उन्हें युवाओं का नायक बना दिया। दिलचस्प यह है कि किसी बड़े राजनीतिक दल का समर्थन न होने के बावजूद उन्होंने स्थापित दिग्गजों को पराजित कर दिया।

### शक्ति और सीमाएं

अब प्रश्न यह है कि यदि बालेन प्रधानमंत्री बनते हैं, तो उनकी वास्तविक शक्ति कितनी होगी? स्थानीय निकाय प्रमुख के रूप में उनके पास सीमित अधिकार थे, जहाँ कई योजनाएं नौकरशाही और प्रांतीय खींचतान में फंस जाती थीं। लेकिन देश के शीर्ष पद पर उनकी

बालेन शाह की राजनीति केवल घरेलू सुधारों तक सीमित नहीं है; उनके उदय का असर विदेश नीति, विशेषकर भारत के साथ संबंधों पर भी पड़ेगा। नेपाल और भारत के रिश्ते सदियों पुराने सांस्कृतिक और आर्थिक धागों से बंधे हैं। बालेन शाह एक स्पष्टवादी और 'राष्ट्रवादी' छवि वाले नेता हैं, जो अक्सर राष्ट्रीय स्वाभिमान और स्वतंत्र नीति की बात करते हैं। यह दृष्टिकोण नेपाल के युवाओं में काफी लोकप्रिय है। नेपाल की राजनीति में अक्सर भारत और चीन के बीच संतुलन साधने की बहस चलती रहती है। बालेन जैसे युवा नेतृत्व से यह उम्मीद की जाती है कि वे नेपाल के विकास और स्वाभिमान को सर्वोपरि रखते हुए पड़ोसी देशों के साथ सहयोग और संवाद के द्वार खुले रखेंगे। भारत और नेपाल के संबंध केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि 'जन-जन' के रिश्ते हैं। लाखों नेपाली नागरिक भारत में कार्यरत हैं और दोनों देशों के बीच खुली सीमा साझा विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। बालेन शाह को न तो पूरी तरह विफल कहा जा सकता है और न ही सफल। उन्होंने काठमांडू से बदलाव की जो लहर शुरू की है, उसे राष्ट्रीय स्तर पर तब्दील करना अभी शेष है। यदि उनका साहस, प्रशासनिक अनुभव और संस्थागत सहयोग के साथ मिल जाए, तो वे नेपाल की राजनीति में एक दीर्घकालिक परिवर्तन के संवाहक बन सकते हैं। क्षेत्रीय स्थिरता के लिए यह आवश्यक है कि नया नेतृत्व आपसी सम्मान और संतुलन की नीति को आगे बढ़ाए।

सबसे बड़ी ताकत 'जनता का अटूट भरोसा' होगी। हालांकि, तंत्र की जटिलताएं उनके सामने बड़ी चुनौती बनकर खड़ी हैं। अवैध कब्जों के विरुद्ध अभियान के दौरान उन पर 'निर्धन विरोधी' होने के आरोप लगे और मानवाधिकार संगठनों ने बल प्रयोग की आलोचना की। उनके लिए सबसे बड़ी परीक्षा यह होगी कि वे अपने आक्रामक तेवरों को स्थायी और संस्थागत परिणामों में कैसे बदलते हैं।

# गोदिका चैत्यालय का उत्थापन एवं भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न



जयपुर. शाबाश इंडिया



पिंक सिटी के हृदय स्थल, ७२२ गोदिका भवन में स्थित ३०० वर्ष प्राचीन चैत्यालय का उत्थापन कर, पारस विहार मुहाना स्थित श्री चिंतामणी पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में रविवार, ८ मार्च २०२६ को पूर्ण विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ विराजमान किया गया।

## भक्तिमय पालकी यात्रा और श्रीजी का प्रस्थान

मुहाना मंदिर के अध्यक्ष एवं मुख्य समन्वयक पवन-सरोज गोदिका ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ ७ मार्च को प्रातः ७:३० बजे गोदिका भवन में अभिषेक एवं पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात एक भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्ति भाव से झूमते हुए श्रीजी को मुहाना मंदिर लेकर पहुँचे। यहाँ विधानाचार्य पंडित निर्मल कुमार बोहरा के निर्देशन में सौधर्म इंद्र बाबूलाल-सुमन गोदिका द्वारा अभिषेक, शांतिधारा एवं सामूहिक जाप अनुष्ठान संपन्न किए गए। इससे पूर्व ६ मार्च की रात्रि में सुदेश-अलका गोदिका के नेतृत्व में चैत्यालय में णमोकार मंत्र का अखंड पाठ किया गया।

## याग मंडल विधान एवं हवन की पूर्णाहुति

समन्वयक राकेश-समता गोदिका के अनुसार, ८ मार्च को मुख्य प्रतिष्ठा समारोह आयोजित हुआ। प्रातः ७ बजे से अभिषेक एवं शांतिधारा के पश्चात 'याग मंडल विधान' और हवन का आयोजन किया गया। मंत्रोच्चार के बीच वेदी में श्रीजी को पूर्ण श्रद्धा के साथ प्रतिष्ठित किया गया।

## संगीत की स्वरलहरियों के बीच भक्ति का संगम

विधानाचार्य पंडित निर्मल कुमार बोहरा के सान्निध्य में अजमेर के एस.के. जैन, गायिका मंजू ठोलिया, समता गोदिका एवं सुदेश गोदिका ने वाद्य यंत्रों और मधुर भजनों के साथ संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मूलनायक चंद्रप्रभु भगवान की प्रतिमा विराजमान करने का सौभाग्य वीरेंद्र कुमार गोदिका को तथा महावीर भगवान की प्रतिमा विराजमान करने का पुण्य लाभ बाबूलाल गोदिका को प्राप्त हुआ।

## इंद्र-इंद्राणियों का सौभाग्य

इस महोत्सव में विभिन्न इंद्र बनने का सौभाग्य निम्न श्रावकों को मिला:

**सौधर्म इंद्रः बाबूलाल-सुमन गोदिका**
**ईशान इंद्रः राजेंद्र-शीला गोदिका**
**सनत कुमार इंद्रः मोनेष-सपना गोदिका**
**महेंद्र इंद्रः डॉ. सौरभ-नीतू गोदिका**
**चक्रवर्तीः दिलीप-रजनी गोदिका**
**कुबेरः राकेश-समता गोदिका**

(उपरोक्त के साथ अन्य विशिष्ट इंद्रों ने भी पूजन में भाग लिया) दिलीप गोदिका ने बताया कि इस ऐतिहासिक कार्य को सफल बनाने में पवन, राकेश, मोनेश, सुदेश, प्रवीण, अंकित, प्रतीक, आयुष, अभिषेक, सोमिल और सुधीर गोदिका सहित संपूर्ण गोदिका परिवार के सामूहिक पुरुषार्थ और समर्पण का विशेष योगदान रहा। @...पेज 6 पर

# आस्था का महासंगम: 300 वर्ष प्राचीन गोदिका चैत्यालय मुहाना के पार्श्वनाथ मंदिर में प्रतिष्ठित
























# दहेज कुरीति पर प्रहारः आमेर में रंगमंच के माध्यम से गूंजा नारी शक्ति का सम्मान

**जयपुर/आमेर. शाबाश इंडिया**

नाटकवाला कला मंच, आमेर द्वारा ''घर-घर रंगमंच-हर दर रंगमंच'' मुहिम के अंतर्गत 'नारी शक्ति मास-2026' के उपलक्ष्य में एक विशेष सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। श्री बालाजी धाम ठाठर के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में नारी शक्ति के प्रति सम्मान प्रकट करना और दहेज जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जागरूकता फैलाना रहा।



## ग्रामीण प्रतिभाओं और मातृशक्ति का अभिनंदन

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं का पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। वहीं, ग्रामीण बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु कलम (पेन) और उपहार भेंट किए गए। मंच के संरक्षक रामचंद्र सैनी ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी ने ग्रामीण रंगमंच को एक नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान की है। विशेष रूप से, मंच के निदेशक ओम प्रकाश सैनी ने इस आयोजन को अपनी माता श्रीमती चंदी देवी को समर्पित किया। उन्होंने भावुक होते हुए बताया कि इस कला मंच की स्थापना और सफलता में उनकी माता का योगदान अतुलनीय रहा है।

## नाट्य प्रस्तुतिः 'दहेज' का प्रभावशाली मंचन

कला एवं संस्कृति विभाग, राजस्थान तथा नाट्यकुलम संस्थान, जयपुर के सहयोग से विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर रवींद्रनाथ टैगोर की कालजयी कहानी पर आधारित एकल नाटक 'दहेज' का मंचन किया गया।

निर्देशन व परिकल्पनाः राजीव मिश्रा

मुख्य अभिनयः महेश महावर

संदेशः नाटक ने समाज को यह कड़ा संदेश दिया कि दहेज की लालसा न केवल मानवीय संबंधों को खोखला करती है, बल्कि यह एक ऐसा अभिशाप है जिसे केवल शिक्षा और समानता के माध्यम से ही जड़ से मिटाया जा सकता है।

## भविष्य की योजनाः गाँव-गाँव पहुँचेगा रंगमंच

कार्यक्रम का संचालन और व्यवस्थाएँ हँसा सैनी, अवनी, हिमांशी, अंजली, नीलू, मनीषा, तुलसी, सुनीता, दीपाशिखा और युग सैनी सहित अन्य सहयोगियों ने कुशलतापूर्वक संभालीं। स्थानीय ग्रामीणों और रंगमंच प्रेमियों की उपस्थिति में कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। निदेशक ओम प्रकाश सैनी ने अंत में कहा कि यह आयोजन एक विनम्र शुरूआत है। आने वाले समय में इस मुहिम को विस्तार दिया जाएगा और गाँव-गाँव जाकर ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संवाद स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।







## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वास्थ्य परिचर्चा एवं निःशुल्क जांच शिविर आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में लायंस क्लब एंजेल रूबी तथा लायनेस क्लब जयपुर रूबी के सहयोग से मेट्रो एमएएस हार्ट केयर एवं मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य परिचर्चा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की और अपनी निःशुल्क जांच करवाई। कार्यक्रम के



मुख्य अतिथि अवंत जैन (जयश्री ज्वैलर्स) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. ऋचा बलवदा (सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, राजस्थान सरकार) और विभूति मंगल (भारतीय वायुसेना स्क्वाड्रन लीडर) रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और नियमित जांच करवाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. शालिनी गर्ग ने महिलाओं में हृदय रोग, डॉ. कृति शाह ने मासिक धर्म स्वच्छता तथा डॉ. शालिनी अग्रवाल ने बच्चों में टीकाकरण से जुड़े मिथक और तथ्यों पर उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संस्था की कोषाध्यक्ष मनीषा जैन ने किया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन भंवर सहित प्रियंका गोयल, श्यामा अग्रवाल, उपमा सारस्वत, सुधा रेखा, पारस सेठी, मंजू जैन, आयुष जैन, मनीष विजयवर्गीय, विकास जैन और मोनिका जैन सहित कई गणमान्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल द्वारा महिलाओं के लिए रक्तचाप, रक्त शर्करा, हृदय परीक्षण तथा वजन की निःशुल्क जांच की गई। इस आयोजन को सफल बनाने में जयश्री ज्वैलर्स का विशेष सहयोग रहा, जबकि अनुष्ठान रेस्टोरेंट सहयोगी संस्था के रूप में सहभागी रहा। आयोजकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी पहुंचाना है।

## कल्याण नगर स्थित जैन मंदिर में महिला दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को कल्याण नगर स्थित श्री 1008 मुनिसुव्रत नाथ दिगम्बर जैन मंदिर में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा समाज की महिलाओं को उनके निस्वार्थ सेवा भाव और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। उपस्थित जनसमूह ने नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला और धर्म व समाज के उत्थान में उनकी भूमिका की सराहना की।






### आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com | weeklyshabaas@gmail.com

# गुरु-शिष्य संगम समारोह का आयोजन

## संस्कारयुक्त शिक्षा समय की आवश्यकता : रेणु कंवर

**कि. रेनवाल / आयुष पाटनी**

शहर के श्री हरिरतन मैरिज गार्डन में फ्रेंड्स क्लब के तत्वावधान में गुरु-शिष्य संगम समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षाविद सूर्य प्रकाश वर्मा ने की। समारोह में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मोती सिंह चौधरी सहित सेवा निवृत्त शिक्षाविद रामकिशोर मीणा, अशोक गुप्ता, प्रेम सिंह, दिनेश सिंह चौधरी, मनोहर लाल दायमा, रामनिवास मौर्य, देवी लाल शर्मा, छीतरमल सेपट, सीताराम शर्मा, नटवरलाल तिवाड़ी, गोपाललाल वर्मा, मालीराम कुमावत, किशनलाल टेलर, सांवरमल कुमावत, नंदकिशोर शर्मा, श्रवणलाल मेहता, दौलतराम जाजोरिया, अर्जुनलाल ताकर, पोखरमल ऐचरा सहित अनेक शिक्षाविद मंचासीन रहे। इस अवसर पर भामाशाह नानूराम सूंडा भी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद रेणु कंवर ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक ही देश के भविष्य की नींव तैयार करते हैं। शिक्षक समाज के लिए आदर्श होते हैं और उनके कार्यों का अनुसरण अन्य लोग करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में बेहतर सामंजस्य और मजबूत राष्ट्र निर्माण के लिए संस्कारयुक्त एवं शिक्षित युवाओं की आवश्यकता है। समारोह में मंचासीन सभी शिक्षकों को सम्मान चिह्न, शॉल और दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ. लक्ष्मी नारायण सामरिया ने बताया कि कार्यक्रम में राजकीय मारवाड़ी रिलीफ सोसायटी उच्च माध्यमिक विद्यालय में वर्ष 2004 से पूर्व अध्यापन कार्य करने वाले विद्वान शिक्षकों, पूर्व विद्यार्थियों तथा भामाशाह सहित कुल 80 व्यक्तित्वों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र प्रसाद चेतीवाल ने किया। क्लब द्वारा भामाशाह नानूराम सूंडा का विशेष अभिनंदन भी किया गया। इस अवसर पर रामावतार शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, शिशुपाल सेपट, संजय कुमार वर्मा, शंकरलाल चलावरिया, सोहनलाल सामोता, राजकमल कुमावत, प्रभु यादव, ओमप्रकाश रैगर, राजेंद्र सिंह शेखावत, अशोक शर्मा, जितेंद्र कुमावत, सरदारमल ताकर, नंदकिशोर कुमावत, अशोक जांगिड़, बनवारीलाल दायमा, विकास भंडारी, सुरेश बाकोलिया, कौशलेश कुमावत और रोहित मीणा सहित अनेक शिक्षाविदों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।




# महिलाएं ममता, हिम्मत एवं लावण्यता की प्रतीक: एडीजे पूर्वा चतुर्वेदी



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 'दी बार एसोसिएशन सांगानेर' के तत्वावधान में शनिवार को न्यायालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर न्यायिक जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 75 महिला अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों का सम्मान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया।

## नारी के गुणों का अनूठा विश्लेषण

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एडीजे (सांगानेर) श्रीमती पूर्वा चतुर्वेदी ने महिला शब्द की प्रेरक व्याख्या करते हुए कहा, ''महिला शब्द के तीन अक्षर नारी के संपूर्ण व्यक्तित्व को दर्शाते हैं। 'म' ममता का, 'ह' हिम्मत का और 'ल' लावण्यता का प्रतीक है। यही गुण नारी के कृतित्व को समाज में विशिष्ट पहचान दिलाते हैं।'' समारोह में विशिष्ट अतिथि राजपाल सिंह, वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी नवनीत कुमार, ममता गुप्ता और छवि सिंघल ने महिला अधिवक्ताओं को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

## सांगानेर बार का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

बार अध्यक्ष टीकम चंद शर्मा एवं महासचिव अशोक पारीक ने बताया कि सांगानेर बार की गौरवशाली परंपरा को निभाते हुए इस बार पहली बार रिकॉर्ड 75 महिला अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया है। कार्यक्रम संयोजक उषा खंडेलवाल ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की, वहीं सांस्कृतिक सचिव श्रीमती नीतू जैन ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि बार ने सदैव महिला शक्ति को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए हैं। उल्लेखनीय है कि सांगानेर बार में महिला दिवस मनाने की शुरूआत वर्ष 2022 में तत्कालीन अध्यक्ष महावीर सुरेंद्र जैन एवं महासचिव नेमीचंद सामरिया की कार्यकारिणी द्वारा की गई थी, जिसे वर्तमान समिति ने भव्यता प्रदान की है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर माहेश्वरी महिला मंडल रावतसर की नई कार्यकारिणी का गठन



**रावतसर, नरेश सिगची**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी महिला मंडल रावतसर की आम चुनावी बैठक का गरिमामय आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष ऊषा जाजू ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व कार्यकारिणी को भंग करते हुए नई कार्यकारिणी के गठन का निर्णय लिया गया। समाज के वरिष्ठजनों और सदस्यों की सहमति से इंदु बिहानी को माहेश्वरी महिला मंडल का अध्यक्ष तथा इंदु लखोटिया को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष इंदु बिहानी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माहेश्वरी महिला मंडल रावतसर का नेतृत्व मिलना उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों है। उन्होंने कहा कि वे समाज सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाज की युवतियों, महिलाओं और वरिष्ठजनों के सहयोग से मंडल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करेंगी। उन्होंने समाज की एकता, विकास और सक्रिय भागीदारी को अपनी प्राथमिकता बताया। बैठक के दौरान उपस्थित महिलाओं और समाजबंधुओं ने नई अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए उनसे समाजहित में सक्रिय और प्रभावी कार्य करने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर समाज की कई गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं। प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष ऊषा जाजू, बबीता सोमानी, संध्या सोमानी, सुनीता डागा, मंजू बिहानी, मधु बिहानी और पूनम लखोटिया सहित अनेक वरिष्ठ महिलाएं एवं समाजबंधु मौजूद रहे। बैठक का वातावरण उत्साह, एकता और समाजसेवा के संकल्प से परिपूर्ण रहा। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ ही समाज के विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में नए उत्साह के साथ कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# गंगवाल के साथ नवगठित कार्यकारिणी ने ली शपथ: हाउसिंग बोर्ड जैन मंदिर में भव्य समारोह संपन्न

**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

शहर के हाउसिंग बोर्ड स्थित सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को गणिनी श्रमणी आर्यिका 105 श्री विज्ञा श्री माताजी ससंघ के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ। भक्ति और उत्साह के वातावरण में आयोजित इस समारोह में समाज की एकता और संगठन की मजबूती का संकल्प लिया गया।

## विधि-विधान से हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षकगण वृद्धिचंद बडजात्या, विमल छाबड़ा, निर्मल जैन, सुमति अजमेरा, भागचंद काला एवं गुणमाला बडजात्या द्वारा भगवान सुपार्श्वनाथ के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। त्रिशला महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इसके पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल सहित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को देव-शास्त्र-गुरु की साक्षी में पद एवं गोपनीयता की विधिवत शपथ दिलाई गई।

## पूर्व कार्यकारिणी का सम्मान और नई आशाएं

नई कार्यकारिणी ने परंपरा का निर्वहन करते हुए पूर्व अध्यक्ष राकेश पाटनी एवं उनकी टीम का सम्मान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर अरुण जैन, जीतो भीलवाड़ा के मनीष शाह सहित प्रदीप गदिया, नरेश पाटोदी, नरेश गोधा, प्रवीण चौधरी और समाज के अन्य दिग्गजों ने नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दीं।

## प्रमुख पदाधिकारी जिन्होंने ली शपथ

अध्यक्ष: प्रकाश गंगवाल
उपाध्यक्ष: नवीन काला व सुरेंद्र जैन
कोषाध्यक्ष: कैलाश शाह (सह कोषाध्यक्ष: राजेश ठग)
संगठन मंत्री: पारस शाह
संयुक्त मंत्री: पारस झांझरी
जन संपर्क मंत्री: मुकेश गदिया व संजय छाबड़ा
कार्यकारिणी सदस्य: माणक चंद बाकलीवाल, सुनील कटारिया, नेमीचंद गोधा आदि।



## एकता और पारदर्शिता पर बल

अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल ने अपने संबोधन में मंदिर की नींव रखने वाले श्रावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूर्ण पारदर्शिता और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष बल दिया। विज्ञा श्री माताजी ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि कमेटी तो आती-जाती रहेगी, लेकिन समाज में एकता और सक्रिय सहभागिता सदैव बनी रहनी चाहिए। अंत में नवगठित कार्यकारिणी द्वारा पधारे हुए अतिथियों का 'वात्सल्य भोज' के साथ सत्कार किया गया।

....

# हर्षोल्लास से मनाया सोहनी फुलकारी ने महिला दिवस: कर्मठ महिलाओं का हुआ सम्मान



✍ **आजाद शेरवानी**

**कोटा. शाबाश इंडिया।** सोहनी फुलकारी द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्राचार्या स्नेह साहनी एवं तनुजा खन्ना द्वारा दीप प्रज्वलन और ''इतनी शक्ति हमें देना दाता'' गीत के साथ हुआ। शालिनी विज और प्रीति अदलखा के निर्देशन में महिलाओं ने हाउजी और संतुलन आधारित खेलों (बैलेंसिंग गेम) का आनंद लिया। समारोह का मुख्य आकर्षण 40 वर्ष से कम आयु की उन कामकाजी महिलाओं का सम्मान रहा, जो परिवार की जिम्मेदारी के साथ समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बना रही हैं। सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं में नीलम आजाद, स्माइली, करुणा सचदेव (अध्यापिका), पुनीता बेदी (वेलनेस कोच), ईशा कपूर व नंदिनी वाधवा (मेकअप आर्टिस्ट), सोनम गंभीर (ब्यूटी पार्लर) और निष्ठा गुलाटी (इन्वेस्टमेंट बैंकिंग) शामिल रहीं। इस अवसर पर इन महिलाओं की माता और सास का भी विशेष सम्मान किया गया। संगीता खेड़ा, अंजना आजाद, रचना चावला और प्रीति अदलखा ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, जबकि नन्हीं गुनीशा के डांस ने सभी का मन मोह लिया। पुनीता बेदी ने सभी को जुम्बा डांस भी करवाया। रजनी साहनी को 'सर्वश्रेष्ठ उद्घोषक' (बेस्ट एंकर) और अवनीत कौर को 'अर्ली बर्ड' पुरस्कार से नवाजा गया। खेलों में पुनीता बेदी प्रथम और निष्ठा गुलाटी द्वितीय रहीं। आयोजन को सफल बनाने में संस्थापक सदस्य किरण मलिक, अध्यक्ष रचना चावला, सचिव शालिनी विज और कोषाध्यक्ष रानी गोहरी सहित बोर्ड सदस्यों का विशेष योगदान रहा।





विवाह वर्षगाँठ की अनंत शुभकामनाएं

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के पावन अवसर पर, दिगंबर जैन महासमिति महिला अंचल की कार्यप्रकोष्ठ मंत्री एवं संगिनी फॉरएवर ग्रुप की सांस्कृतिक मंत्री

श्रीमती सरोज जी एवं
श्रीमान जितेंद्र जी भाई साहब (राजावास वाले)

को विवाह वर्षगाँठ की कोटि-कोटि बधाइयां
समस्त संगिनी फॉरएवर परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि आप दोनों का दांपत्य जीवन सदैव प्रेम, सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य से परिपूर्ण रहे। आपका साथ समाज और परिवार के लिए प्रेरणा बना रहे।

शुभकामना प्रेषक
अध्यक्ष: शकुंतला विनायका
मंत्री: सुनीता गंगवाल
कोषाध्यक्ष: उर्मिला जैन
एवं समस्त संगिनी फॉरएवर परिवार

# "रक्तदान महादान": समाज सेवा की मिसाल बना संगिनी फॉरएवर का रक्तदान शिविर




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भगवान महावीर के 2625वें जन्मोत्सव के अंतर्गत 'आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती' तक आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को जनकपुरी में मानवता की सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया गया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन के तत्वावधान में तथा संगिनी फॉरएवर एवं दिगंबर जैन मंदिर जनकपुरी के सहयोग से संयम भवन में एक भव्य रक्तदान शिविर संपन्न हुआ।

## उत्साहपूर्ण सहभागिता और शुभारंभ

रविवार, 8 मार्च 2026 को प्रातः 9 से 12 बजे तक आयोजित इस शिविर में समाज के युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस पुनीत कार्य में लगभग 15 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ श्रीमान महेश काला, नीना काला एवं प्रेमलता जैन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। आयोजन में श्रीमान पदम बिलाला एवं पुष्पा बिलाला का विशेष सहयोग रहा।

## प्रमुख अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

शिविर में फेडरेशन के कार्याध्यक्ष यशकमल अजमेरा, अध्यक्ष सुनील बज एवं महासचिव नीरज जैन की गरिमामयी उपस्थिति ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। संगिनी फॉरएवर की अध्यक्ष शकुंतला बिंदायका के कुशल नेतृत्व में संपूर्ण आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, "रक्तदान जीवनदान है। हमारा एक छोटा सा प्रयास किसी परिवार की खुशियाँ लौटा सकता है।"

## स्वास्थ्य परीक्षण रहा विशेष आकर्षण

शिविर का एक अन्य मुख्य आकर्षण 'वाइब्रेंट हेल्थ केयर' द्वारा आयोजित स्वास्थ्य परामर्श सत्र रहा। इसमें आधुनिक पद्धति के माध्यम से शरीर की विभिन्न समस्याओं के निदान और प्रशिक्षण की जानकारी दी गई, जिसका लाभ अनेक लोगों ने उठाया।

## सफल आयोजन की टीम

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य समन्वयक राजेश-सीमा बड़जात्या, राकेश संघी और अनिल रांका की निर्णायक भूमिका रही। व्यवस्थाओं का जिम्मा संयोजक मधु पांड्या, स्नेह लता जैन, सुलोचना जैन और बीना शाह ने संभाला। इस अवसर पर संगिनी फॉरएवर की सचिव सुनीता, कोषाध्यक्ष उर्मिला, मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष बुद्धि प्रकाश जैन, सचिव देवेंद्र जैन और महिला मंडल अध्यक्ष अनीता बिंदायका सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पिपराइच: डिजिटल सखियों का सम्मान और 'चुप्पी तोड़ो' नाटक से दी सामाजिक सीख




**गोरखपुर/पिपराइच. शाबाश इंडिया**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पिपराइच ब्लॉक सभागार में 'डिजिटल सखी परियोजना' द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि स्टेशन अधीक्षक उमेश चंद्र ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया।

## जागरूकता और सम्मान

परियोजना प्रबंधक डी.सी. वर्मा ने "देखें हम कितना जागरूक हैं" नामक गतिविधि के माध्यम से महिलाओं को समाज में उनकी सशक्त भूमिका का बोध कराया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए डिजिटल सखियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों में सब इंस्पेक्टर शिखा जायसवाल और डॉ. जे.पी. सिंह ने स्वास्थ्य, सुरक्षा और डिजिटल अधिकारों की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

## नुक्कड़ नाटक और पुरस्कार

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हेमा गिरी और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक "चुप्पी तोड़ो-हिंसा रोको" रहा, जिसने घरेलू हिंसा के विरुद्ध कड़ा संदेश दिया। इसके साथ ही 7 मार्च को आयोजित बैडमिंटन मैच की विजेता पुलिस टीम और उपविजेता डिजिटल सखी टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई।

## पुरस्कार वितरण:

सर्वश्रेष्ठ डिजिटल सखी: अनीता यादव (चिलबिल्वा) सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता: नादरा खातून (रुद्रापुर) सर्वश्रेष्ठ उद्यमी: रेखा देवी (चिलबिल्वा) अंत में, खंड विकास अधिकारी विजय कुमार गुप्ता ने डिजिटल सखियों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर उन्हें सेवानिवृत्ति की पूर्व संध्या पर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का समापन संयुक्त कार्यक्रम समन्वयक गीता कौर के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

# पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन ने मनाया महिला दिवस: महिला सदस्यों का हुआ सम्मान

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी. शाबाश इंडिया।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर 8 मार्च को पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन (वाराणसी मंडल) द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ कार्यालय के प्रांगण में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन की महिला सदस्यों और सदस्य परिवारों की महिलाओं को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिह्न (बैग) भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व और वर्ष 2026 की मुख्य विषयवस्तु (थीम) पर प्रकाश डालते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, संगठन के प्रति हमारी महिला सदस्यों की निष्ठा और उनका योगदान अतुलनीय है। आज का दिन उनके सशक्तिकरण और समर्पण की सराहना करने का दिन है, जिस पर हमें गर्व है।

## महत्वपूर्ण संदेश और मार्गदर्शन

कार्यक्रम के दौरान 'भारत पेंशनर्स समाज' (नई दिल्ली) के कार्यकारी अध्यक्ष अमिय रमण द्वारा भेजे गए शुभकामना संदेश को वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा ने पढ़कर सुनाया। इसके साथ ही, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने महिला सदस्यों को 'पारिवारिक पेंशन' (फैमिली पेंशन) से संबंधित तकनीकी बारीकियों और वृद्धावस्था में स्वास्थ्य प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं।

## सांस्कृतिक उल्लास और होली की शुभकामनाएँ

सम्मान समारोह में महिला सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। सभी सदस्यों ने गीत-संगीत और अल्पाहार का आनंद लिया। चूंकि होली का पर्व भी निकट है, अतः सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर अग्रिम शुभकामनाएँ भी दीं। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंडल मंत्री ए.के. पाठक द्वारा किया गया, जबकि अंत में उपाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारीगणों सहित भारी संख्या में पेंशनर्स सदस्य उपस्थित रहे।









हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी की कमेटी के चुनावों में
अध्यक्षः एडवोकेट श्रीमान सुधांशु जी कासलीवाल
उपाध्यक्षः एडवोकेट श्रीमान पूनम चन्द शाह
उपाध्यक्षः श्रीमान सी पी पहाडियां

मानद् मंत्री - श्रीमान उमराव मल जी संघी
संयुक्त मंत्री - श्रीमान अनिल जी दीवान
संयुक्त मंत्री -एडवोकेट श्रीमान रुपिन जी काला
कोषाध्यक्ष एडवोकेट श्रीमान हेमंत जी सोगानी एवं
नवनिर्वाचित पूरी कमेटी को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं






दिगंबर जैन महासमिति महिला अंचल के कार्य कार्नी. के पद पर स्थापित एवं संगिनी फॉरएवर ग्रुप में एक्टिव कार्यकर्ता
श्रीमती स्नेह प्रभा-श्रीमान वीरेंद्र जी
को शादी की सालगिरह के 50 वर्ष पूर्ण होने पर बहुत-बहुत बधाइयां समस्त ग्रुप की तरफ से
अध्यक्षः शकुंतला विनायका, मंत्रीः सुनीता गंगवाल
कोषाध्यक्षः उर्मिला जैन एवं समस्त संगिनी फॉरएवर परिवार

# जयपुर बॉब रिटायर्ड जैन मैत्री संघ का होली स्नेह मिलन एवं फागोत्सव आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जयपुर बॉब रिटायर्ड जैन मैत्री संघ के तत्वावधान में श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, सेक्टर-3 मालवीय नगर स्थित सभागार में होली स्नेह मिलन एवं फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा के राजस्थान अंचल के अंचल प्रमुख श्री एम. अनिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री एम. अनिल, पी.सी. जैन, आर.के. जैन, अभिनन्दन जैन एवं मुनेन्द्र गंगवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात शशि जैन एवं अन्य सदस्यों द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में श्री वीरेंद्र कासलीवाल एवं श्रीमती प्रेम कासलीवाल ने राजस्थानी गीत 'पल्लो लटके' पर अत्यंत मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं निशा बडजात्या ने फिल्मी गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्री एम. अनिल ने अपने उद्बोधन में जैन सिद्धांतों की सराहना करते हुए कहा कि वे स्वयं भी रात्रि भोजन के त्याग की प्रेरणा लेकर इसके पालन का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने बैंक सेवा से सेवानिवृत्त सभी सदस्यों से अधिक से अधिक जमा करवाने तथा अपने परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर श्री अरुण जैन ने एक फिल्मी गीत प्रस्तुत किया तथा चंद्रकांत जैन ने बांसुरी वादन से सभी का मन मोह लिया। संघ के सचिव अभिनन्दन जैन ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत-सम्मान कराया तथा संघ की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। संघ के कोषाध्यक्ष श्री मुनेन्द्र गंगवाल ने वर्ष 2025 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सभी सदस्यों ने अनुमोदन कर पारित किया। इस दौरान संस्था का नीति वाक्य ''भातृत्व, भागीदारी, भरोसा'' घोषित किया गया, जिसके बारे में संस्थापक अध्यक्ष पी.सी. जैन ने विस्तार से जानकारी दी। महेन्द्र जैन ने आगामी मुक्तेश्वर यात्रा के बारे में चर्चा करते हुए यात्रा को सुगम एवं सफल बनाने की अपील की। इसके पश्चात होली एवं फागोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम आरम्भ हुआ। कार्यक्रम का संयोजन शशि जैन एवं मंजू जैन सेवावाले के निर्देशन में किया गया। श्रीमती मधु सेठी, निशा जैन, उर्मिला पाटनी एवं अन्य सहयोगियों ने पंचरंगी फागुन गीतों पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया।

# रंग बरसे: जयपुर गोल्ड ने फूलों की होली और महिला दिवस का मनाया उत्सव



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मानसरोवर स्थित बी-2 पैराडाइज रिसॉर्ट में जैन सोशल ग्रुप जयपुर गोल्ड द्वारा 'रंग बरसे' एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। समूह के अध्यक्ष राजकुमार-राजकुमारी बैद ने सभी सदस्यों का आत्मीय स्वागत किया।

## राधा-कृष्ण के संग फूलों की होली

समारोह का मुख्य आकर्षण राधा-कृष्ण के स्वरूपों के साथ खेली गई फूलों की होली और चंग की थाप रही। संस्थापक अध्यक्ष राकेश-नीलू गोधा एवं सचिव मनीष-आरती चांदवाड ने बताया कि उत्सव के दौरान नींबू दौड़, 'महिलाओं के सिर पर फूल लगाना' और होली हाउजी जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। गायक गौरव जैन, राकेश गोधा, सुरेंद्र पाटनी और भरत जैन ने 'रंग बरसे भीगे चुनर वाली' और 'होलिया में उड़े रे गुलाल' जैसे पारंपरिक गीतों से समां बाँध दिया।

## सम्मान और सहभागिता

संयोजक गौरव जैन, अक्षत जैन, सौरभ और अभिषेक गोधा के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी सदस्यों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन राकेश गोधा ने किया और अंत में मनीष चांदवाड ने धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में सुरेंद्र-रूपल पाटनी, भरत-प्रतिभा जैन, पवन-मनोरमा सेठी, योगेश-सुमन गोधा सहित ग्रुप के अनेक परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फूलों की महक और गुलाल के रंगों के बीच सदस्यों ने एक-दूसरे को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

# महिला दिवस पर सेवा का संकल्प: सुभाष हॉस्पिटल में रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को पत्रकार रोड स्थित सुभाष मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा मानवता की सेवा के लिए एक विशाल रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला सुरक्षा मंच, नवजीवन ब्लड बैंक और अन्य सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

## 60 यूनिट रक्त का संग्रह

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा राजस्थान के प्रवक्ता श्री प्रताप राव रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया और सामाजिक कार्यों में महिलाओं की भागीदारी की सराहना की। इस पुनीत कार्य में युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 60 यूनिट रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को उनके इस निस्वार्थ योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क परामर्श

सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र जैन बडजात्या ने बताया कि शिविर के दौरान सुभाष हॉस्पिटल की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं एवं आम नागरिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की। इसमें ब्लड प्रेशर, शुगर एवं अन्य मौसमी बीमारियों से



संबंधित परामर्श भी दिया गया। टीम सुधा घनश्याम गुप्ता एवं अस्पताल स्टाफ के विशेष सहयोग से आयोजित इस शिविर में स्थानीय नागरिकों की भारी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्किआपातकालीन समय में मरीजों की जान बचाने के लिए रक्त की उपलब्धता भी सुनिश्चित होती है।

# बल्केश्वर पंचकल्याणक महोत्सव के कार्यालय का भव्य शुभारंभ, पीएनसी एमडी प्रदीप जैन ने किया उद्घाटन

**आगरा. शाबाश इंडिया**

श्री सर्वतोभद्र जिनालय, बल्केश्वर में आगामी 23 से 27 अप्रैल तक आयोजित होने वाले आदिनाथ पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियाँ तेज हो गई हैं। इसी क्रम में, सोमवार प्रातः 8:00 बजे श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर (डी-19, कमला नगर) में महोत्सव के अस्थायी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन संपन्न हुआ।

### भक्ति और उल्लास के साथ उद्घाटन

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के गौरवाध्यक्ष एवं पीएनसी इंफ्राटेक के एमडी प्रदीप जैन ने फीता काटकर तथा भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने प्रदीप जैन का माल्यार्पण कर और शॉल ओढ़ाकर भव्य अभिनंदन किया।

### महोत्सव की व्यवस्थाओं का केंद्र

कार्यालय के उद्घाटन के पश्चात आयोजन समिति ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की। पदाधिकारियों ने बताया कि यह अस्थायी कार्यालय महोत्सव की सभी व्यवस्थाओं के संचालन का मुख्य केंद्र होगा। श्रद्धालुओं को महोत्सव से संबंधित सभी जानकारियाँ, पंजीकरण और अन्य सुविधाएँ यहीं से उपलब्ध कराई जाएंगी। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस ऐतिहासिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

### सम्मान और संकल्प

कार्यक्रम का कुशल संचालन मनोज जैन बाकलीवाल द्वारा किया गया। इस दौरान आयोजन समिति की ओर से अतिथियों और



कार्यकर्ताओं को प्रतीक चिह्न एवं सम्मान पत्र भेंट कर उनकी सेवाओं को सराहा गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने आगामी पंचकल्याणक महोत्सव को ऐतिहासिक और भव्य बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। समारोह में जगदीश प्रसाद जैन, राजीव जैन, अनिरुद्ध जैन, रजत जैन, अनंत जैन, पंकज जैन, राकेश जैन, दीपक जैन, बंटी जैन, कमल जैन, मनीष जैन, आकाश जैन और शुभम जैन सहित समाज के अनेक गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्र संत सुनील सागर के जयकारों से गूंजा धावास

## चैत्यालय प्रतिस्थापन के साथ वेदी निर्माण का हुआ शिलान्यास



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान की राजधानी गुलाबी नगर जयपुर के अजमेर रोड स्थित श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, धावास में जिनेन्द्र भक्ति का अनूठा रंग देखने को मिला। मंदिर निर्माण संयोजक एवं संरक्षक जयकुमार जैन बड़जात्या ने बताया कि पूज्य गुरुदेव राष्ट्रसंत, चतुर्थ पट्टाधीश एवं प्राकृत ज्ञान केसरी आचार्य 108 सुनील सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद तथा क्षुल्लिका सम्भावमती माताजी की प्रेरणा से निमार्णाधीन भव्य चार मंजिला मंदिर के मुख्य परिसर में भगवान शांतिनाथ को विराजमान करने के साथ ही वेदी निर्माण कार्य का शिलान्यास हैमेन्द्र-निखिल लुहाड़िया परिवार द्वारा किया गया। इस मांगलिक आयोजन में ध्वजारोहण करने का सौभाग्य विनय रंजन-राजश्री मित्तल परिवार (तिजारा) को प्राप्त हुआ। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बैद एवं मंत्री मितेश ठोलिया ने बताया कि ब्रह्मचारिणी पूर्णिमा दीदी के पावन सानिध्य में भव्य शोभायात्रा निकालकर श्रीजी को नवीन वेदी में विराजमान किया गया। कार्यक्रम में भामाशाह श्रेष्ठी अशोक चांदवाड़, अंकुर पाटोदी तथा मंदिर समिति के परम संरक्षक गजेन्द्र कुमार बड़जात्या (कामां) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सह मंत्री मनोज जैन एवं नरेन्द्र गोधा ने बताया कि गुरुभक्त त्रिलोकचन्द गोधा एवं विशाल ठोलिया परिवार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही सोधर्म इन्द्र के रूप में मुकेश सेठी कोछोर तथा शांतिधारा पुण्यार्जक के रूप में प्रदीप-अभिषेक गंगवाल परिवार की प्रमुख भूमिका रही। नवीन मंदिर परिसर में श्रीजी को विराजमान करने से पूर्व सुनील कुमार पाटोदी (साड़म) द्वारा उद्घाटन किया गया। सन्मति सुनीलम् महिला मंडल धावास की संयोजक सीमा बड़जात्या एवं सरिता लुहाड़िया ने बताया कि सौभाग्यशाली महिलाओं द्वारा वेदी का शुद्धिकरण कर मंडल पर अष्टमंगल विराजित किए गए। कोषाध्यक्ष हैमेन्द्र लुहाड़िया एवं उपाध्यक्ष प्रमोद काला ने बताया कि प्रतिष्ठाचार्य डॉ. सनत कुमार जैन एवं पंडित विशाल जैन के निर्देशन में अत्यंत भक्तिभाव से विधान, पूजन एवं हवन सम्पन्न हुआ।

# तीर्थंकर भगवान के माता-पिता की हुई गोद भराई



**बड़ागांव धसान. शाबाश इंडिया।** समीपस्थ लार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित होने वाले श्रीमज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक मानस्तम्भ प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत स्थानीय जैन समाज द्वारा भगवान तीर्थंकर के माता-पिता की गोद भराई की रस्म श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न की गई। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में भगवान तीर्थंकर के माता-पिता बनने का परम सौभाग्य श्रीमती शोभा जैन एवं ज्ञानचन्द्र जैन सवाई चौधरी को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जैन समाज की महिलाओं ने भजन-कीर्तन एवं मंगल गीतों के साथ कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान नारियल, काजू, बादाम, किशमिश, मखाने एवं मावा से भगवान के माता-पिता की गोद भराई की रस्म बड़े ही भक्ति-भाव और उल्लास के साथ निभाई गई। साथ ही तिलक, पगड़ी एवं शॉल पहनाकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर नरेन्द्र जैन, दिनेश जैन, कमल कुमार शास्त्री, वीरेंद्र जैन, पवन जैन, संतोष सेठ, महेन्द्र दद्दा, डॉ. शिखर चंद्र जैन, पुष्पेंद्र सिंघई, दयाचंद्र जैन, नीरज बैध सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रचार मंत्री मुकेश जैन ने बताया कि 28 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले श्रीमज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक मानस्तम्भ प्रतिष्ठा, गजरथ महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ की तैयारियां जोर-शोर से प्रारम्भ हो चुकी हैं।

# राधानिकुंज संभाग ने मनाया फाल्गुन उत्सव और महिला सम्मान: सामाजिक कुरीतियों पर हुआ मंथन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति, राधानिकुंज संभाग (मानसरोवर) द्वारा 'फाल्गुन के रंग में नारी सम्मान' कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। भक्ति, मनोरंजन और सामाजिक विमर्श के इस त्रिवेणी संगम ने समाज की महिलाओं को एक नई दिशा प्रदान की।



## अतिथियों का स्वागत एवं मंगलाचरण

संभाग अध्यक्ष श्रीमती अनिला बासखो ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती वन्दना छाबड़ा द्वारा प्रस्तुत सुमधुर मंगलाचरण से हुआ। इस अवसर पर राजस्थान अंचल अध्यक्ष श्रीमती शालिनी बाकलीवाल, मार्गदर्शिका श्रीमती शीला डोड्या, मुख्य अतिथि श्रीमती पिंकी शाह, श्रीमती रक्षा अजमेरा, श्रीमती कलावती जैन एवं विशिष्ट सदस्य श्रीमती कुसुम जैन, ममता सेठी व सीमा जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## बुजुर्गों का सम्मान और 'डिजिटल' दौर पर विमर्श

संभाग मंत्री पिंकी कासलीवाल ने जानकारी दी कि महिला दिवस के उपलक्ष्य में समाज की श्रेष्ठ और बुजुर्ग महिलाओं का 'पाद प्रक्षालन' कर विशेष सम्मान किया गया। इसके साथ ही उन 'बिजनेस वुमन' को भी सम्मानित किया गया जो अपने व्यवसाय और घर को सफलतापूर्वक संभाल रही हैं। कार्यक्रम के दौरान समाज की ज्वलंत समस्याओं, जैसे 'प्री-वेडिंग शूट' और 'बेबी शॉवर' के बढ़ते चलन पर एक खुली परिचर्चा आयोजित की गई। समाज की महिलाओं ने इस पर अपने बेबाक विचार रखते हुए चर्चा की कि क्या ये आधुनिक कार्यक्रम हमारी संस्कृति के अनुकूल हैं या नहीं।

## मनोरंजन और पुरस्कारों की बौछार

उत्सव के दूसरे चरण में रंगारंग 'हाउजी गेम' और कई सरप्राइज पुरस्कारों ने सभी का उत्साह बढ़ा दिया। आयोजन को सफल बनाने में प्रमिला अजमेरा, अनिला भोंच, आरती सोनी, अचला संघी सहित अनेक सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# जयघोष के साथ बड़ा जैन मंदिर में सप्तऋषि प्रतिमा प्रतिष्ठित



**निवाई. शाबाश इंडिया**

सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में, वात्सल्य मूर्ति पूज्य गुरु माँ आर्यिका श्रुतमति एवं सुबोध मति माताजी ससंघ के पावन सान्निध्य में दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में सप्तऋषि प्रतिमा सविधि स्थापित की गई। भक्ति और जयकारों के बीच आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान ने संपूर्ण वातावरण को धर्ममय बना दिया।

## मंत्रोच्चार और अभिषेक के साथ अनुष्ठान

जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री के निर्देशन में हुआ। सर्वप्रथम श्रद्धालुओं ने भगवान पार्श्वनाथ एवं नूतन 'सप्तऋषि' प्रतिमा का अभिषेक किया। इसके पश्चात देव-शास्त्र-गुरु सहित आचार्य शांति सागर जी, आचार्य धर्म सागर जी एवं आर्यिका रत्न आदिमति माताजी के चरणों में अर्घ्य समर्पित किए गए। आर्यिका श्रुतमति एवं सुबोध मति माताजी के सान्निध्य में मंत्रोच्चार के साथ सप्तऋषि भगवान की प्रतिमा को 'बिहारी वाले बाबा' भगवान पार्श्वनाथ की मूल वेदी में जयघोष के साथ स्थापित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान की महाआरती कर विश्व शांति की कामना की।

## समाज की गरिमामयी उपस्थिति

समारोह में बड़ा मंदिर अध्यक्ष विनोद जैन, मंत्री मोहित चंवरिया, कोषाध्यक्ष विमल गिन्दोडी सहित अशोक बिलाला, महावीर प्रसाद छाबड़ा, राजेन्द्र सेदरिया, विमल पाटनी और नवीन खंडवा जैसे कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महिला मंडल की ओर से संरक्षक शकुंतला छाबड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष अनिता छाबड़ा, मंत्री संगीता संधी, उर्मिला सोगानी, संजू पाटनी और ममता ठोलिया सहित बड़ी संख्या में श्राविकाओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। अंत में आर्यिका श्रुतमति माताजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए सप्तऋषि प्रतिमा की महिमा और जीवन में संयम के महत्व पर प्रकाश डाला।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित



**शाबाश इंडिया।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में संजीवनी रक्तदान संगठन एवं मानवता परिवार के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में ब्रह्मकुमारी मीरा कुमारी, सुश्री रमन मित्तल दीदी, श्रीमती कृष्णकांता तोमर, श्रीमती शैलेश सिंह तथा श्रीमती ब्रजलता श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रेखा तोमर द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती शैलेश सिंह, श्रीमती गीता कुशवाह, श्रीमती संगीता, श्रीमती कल्पना सोनी, कु. छाया जामौर एवं कु. शिवांगी शर्मा सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के संयोजक बबलू सिंधी ने सभी अतिथियों एवं रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि कई महिला रक्तदाता स्वास्थ्य कारणों से इस बार रक्तदान नहीं कर सकीं, लेकिन उन्होंने आगामी शिविर के लिए अपना पंजीकरण करा लिया है। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर रामकुमार पांडे, धीरज गुर्जर, बबलू सिंधी, तिलक सिंह भदौरिया, मनु जोशी, दीपक चावला, रोमा शर्मा, रानी जैन, अनीता चोपड़ा, राशु जादौन, सुनीता सोनी, रजनी भदौरिया, प्रो. ज्योति शर्मा, एडवोकेट रश्मी भदौरिया, एडवोकेट सुरभि दुबे, सोनल जैन, प्राशु सहित संगठन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मना जयपुर मेन ग्रुप का होली मिलन समारोह: गीत-संगीत और नृत्य की रही धूम

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



मालवीय नगर के सेक्टर 3 स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के प्रांगण में रविवार, 8 मार्च 2026 को दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जयपुर मेन द्वारा 'होली मिलन समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। इस उत्सव में ग्रुप के 79 सदस्यों ने अत्यंत उमंग और उत्साह के साथ भाग लिया।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बाँधा समां

समारोह में सदस्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बाँध दिया। डॉ. अजित जैन एवं श्रीमती शांता जैन ने होली पर आधारित सुमधुर युगल गीत प्रस्तुत किया। श्री हीराचंद बैद के गीत 'सासूजी का लाल गाल मेरा लाल-लाल कर दीना' ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं। वहीं श्रीमती रूपा जैन ने 'नन्दोई' विषय पर आधारित गीत और श्री वीर कुमार जैन ने फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दिलीप गोधा एवं श्रीमती शशि गोधा का फिल्मी होली गीत पर युगल नृत्य रहा, जिसे देख उपस्थित जनसमूह झूम उठा। समारोह के अंत में हीराचंद बैद के विशेष गीत पर सदस्यों ने खड़े होकर तालियाँ बजाईं और सामूहिक नृत्य का आनंद लिया।

## सम्मान और महिला दिवस का संगम

होली के उल्लास के साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. विनोद शाह की प्रेरणा से ग्रुप की सभी महिला सदस्यों को विशेष बैग भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, फरवरी, मार्च एवं अप्रैल माह में आने वाले जन्मदिन और विवाह वर्षगाँठ वाले सदस्यों को माला पहनाकर बधाई दी गई।

## स्नेह भोज के साथ समापन

कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने 'हाउजी' गेम का भी आनंद लिया। सायं काल में सभी ने सामूहिक स्नेह भोज का लुत्फ उठाया। अंत में ग्रुप के पदाधिकारियों ने भोजनालय प्रबंधक एवं मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों का सफल व्यवस्थाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

# मानवता की सेवा: एंबीशन किड्स एकेडमी और तीर्थंकर ग्रुप द्वारा रक्तदान शिविर संपन्न






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्योपुर रोड स्थित एंबीशन किड्स एकेडमी परिसर में 'दिगंबर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर' एवं एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में समाजसेवियों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## गरिमामयी उद्घाटन और स्वागत

शिविर का विधिवत उद्घाटन दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन (राजस्थान रीजन) के अध्यक्ष सुनील बज, राष्ट्रीय फेडरेशन (इंदौर) के अतिरिक्त महासचिव राजेश बड़जात्या, तीर्थंकर ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. एम.एल. जैन 'मणि' एवं डॉ. शांति जैन 'मणि' द्वारा किया गया। इससे पूर्व संस्थान के अध्यक्ष डॉ. एम.एल. जैन एवं सचिव सुरेश गंगवाल ने अतिथियों का तिलक, माला और साफा पहनाकर पारंपरिक स्वागत किया।

## उत्साहपूर्ण सहभागिता से जुटे 30 यूनिट रक्त

कार्यक्रम संयोजक एवं वरिष्ठ संपादक संदीप जैन ने बताया कि शिविर में एंबीशन किड्स एकेडमी के अभिभावकों के साथ-साथ तीर्थंकर ग्रुप, दिगंबर जैन महासमिति और सन्मति ग्रुप के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया, जिससे कुल 30 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। उप-आचार्य अनीता जैन एवं समाज सेविका मेघा जैन (संघीजी मंदिर) के प्रेरणादायी प्रयासों से टीचिंग व नॉन-टीचिंग स्टाफ ने भी स्वैच्छिक रक्तदान कर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई।

## महत्वपूर्ण सहयोग और सराहना

आयोजन में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राकेश गोदीका का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम समन्वयक राकेश संघी, राकेश छाबड़ा, अनिल रॉवका सहित सन्मति ग्रुप के अध्यक्ष राजेश पाटनी, योगेंद्र खंडेलवाल, डॉ. श्रेय जैन एवं इंजी. हार्दिक जैन जैसे गणमान्य व्यक्तियों ने शिविर का अवलोकन कर आयोजकों की सराहना की।

## सम्मान और आभार



प्राचार्या डॉ. अलका जैन ने बताया कि प्रत्येक रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र एवं मेडिकल किट देकर सम्मानित किया गया। अंत में, शुभम ब्लड बैंक की टीम ने एकेडमी के निदेशक डॉ. मनीष जैन एवं उनकी टीम को सफल आयोजन के लिए सम्मानित किया। निदेशक डॉ. मनीष जैन ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# नाटकों के महाकुंभ में उदयपुर की धमक

## बीकानेर थिएटर फेस्टिवल में छाई यहाँ की कला और साहित्य

रिपोर्ट/फोटो: राकेश शर्मा 'राजदीप'

**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** बीकानेर में आयोजित 'बीकानेर थिएटर फेस्टिवल' के 10वें संस्करण में उदयपुर के रंगमंच और साहित्य का उल्लेखनीय प्रतिनिधित्व देखने को मिला। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के 'भारत रंग महोत्सव' के बाद देश के दूसरे सबसे बड़े नाट्य उत्सव माने जाने वाले इस आयोजन में उदयपुर से नाट्य निर्देशक सुनील टांक और वरिष्ठ साहित्यकार कुंदन माली को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

### 6 दिनों तक सांस्कृतिक कुंभ सा नजारा

यह महोत्सव 6 दिनों तक चला, जिसमें देशभर के 1000 से अधिक रंगकर्मियों और साहित्यकारों ने भाग लिया। महोत्सव का समर्पण एनएसडी के पूर्व निदेशक देवेन्द्र राज अंकुर को किया गया। कार्यक्रम के दौरान 30 से अधिक बड़े नाटकों और करीब 50 नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया गया। सुदेश व्यास और उनकी टीम के प्रयासों से इस महोत्सव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।

### दिग्गजों की उपस्थिति और कालजयी प्रस्तुतियां


महोत्सव में नंदकिशोर आचार्य, अर्जुन देव चारण और मधु आचार्य जैसे प्रतिष्ठित साहित्यकारों ने 'रंग चर्चा' में भाग लिया। मुख्य आकर्षणों में:

**अंधायुगः** रामगोपाल बजाज द्वारा निर्देशित एनएसडी रंगमंडल की कालजयी प्रस्तुति।

**पियक्कड़:** प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता मकरंद देशपांडे का मंत्रमुग्ध कर देने वाला अभिनय।

**सम्मानः** अजय कुमार को प्रतिष्ठित 'निमोही व्यास सम्मान' से नवाजा गया।





### उदयपुर का गौरवशाली प्रतिनिधित्व

वरिष्ठ साहित्यकार कुंदन माली ने सत्रों के दौरान उदयपुर के समृद्ध साहित्यिक योगदान पर अपने विचार रखे। वहीं, नाट्य निर्देशक सुनील टांक ने उदयपुर के आधुनिक रंगमंच, लोक कलाओं और मेवाड़ की सांस्कृतिक परंपराओं से देश के कोने-कोने से आए कला प्रेमियों को परिचित कराया। पूरे बीकानेर शहर में सुबह 8 बजे से रात 11 बजे तक नाट्य मंचन, पुस्तक दीर्घा, हेरिटेज वॉक और कार्यशालाओं के माध्यम से उत्सव का वातावरण बना रहा।

# भारत जैन महामंडल का ५८वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

## ख्यालीलाल तातेड़ ने संभाली कमान



**मुंबई. शाबाश इंडिया।** दक्षिण मुंबई स्थित यशवंतराव चव्हाण केंद्र के सभागार में जैन समाज की एकता की प्रतीक १२६ वर्ष पुरानी संस्था 'भारत जैन महामंडल' का ५८वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष ख्यालीलाल तातेड़ एवं उनकी संपूर्ण कार्यकारिणी ने पद तथा गोपनीयता की शपथ लेकर अपने कार्यकाल का औपचारिक शुभारंभ किया।

### शंखनाद और मंगलाचरण से शुभारंभ

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय महामंत्री बाबूलाल बाफना ने काव्यात्मक शैली में करते हुए संगठन के गौरवशाली इतिहास को रेखांकित किया। अतिथियों एवं पूर्व अध्यक्षों द्वारा भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और शंखनाद के साथ समारोह का मंगल शुभारंभ हुआ। बहनों द्वारा प्रस्तुत संगीतबद्ध मंगलाचरण ने पूरे सभागार को भक्तिमय कर दिया।

### प्रतिवेदन और दिल्ली में आयोजन का प्रस्ताव

निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष सी.सी. डांगी ने अपने तीन वर्षीय कार्यकाल का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह के मुख्य अतिथि एवं राज्यसभा सांसद लहर सिंह सिरोया ने अपने संबोधन में भारत जैन महामंडल का आगामी राष्ट्रीय कार्यक्रम दिल्ली में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जिसका उपस्थित जनसमुदाय ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

### नई कार्यकारिणी की घोषणा और शपथ

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ख्यालीलाल तातेड़ ने अपनी नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें मुख्य रूप से निम्नलिखित नियुक्तियाँ की गईं:

राष्ट्रीय महामंत्री: बाबूलाल बाफना

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष: सुरेश आंचलिया

युवा विंग अध्यक्ष: भूपेश कोठारी (मंत्री: अमित रांका)

महिला विंग अध्यक्षा: तरुणा बोहरा (मंत्री: आशा वडाला)

सांसद सिरोया ने पूरी नवगठित कार्यकारिणी को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई।

# लायंस क्लब अवार्ड सेरेमनी

## 'जयपुर स्पार्कल' ने बटोरीं खुशियाँ, बैनर प्रेजेंटेशन में रहा प्रथम




**जयपुर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल (डिस्ट्रिक्ट 3233-E-1) के रीजन 16 की भव्य अवार्ड सेरेमनी एवं कॉन्फ्रेंस रविवार, 8 मार्च 2026 को होटल बेला कासा में आयोजित की गई। रीजन चेयरपर्सन ला. अनिल जैन के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में सेवा कार्यों की सराहना और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले क्लबों को सम्मानित किया गया ।गरिमामयी उपस्थिति और सांस्कृतिक छटासमारोह में प्रांतपाल ला. सुधीर वाजपेयी, प्रथम सह-प्रांतपाल ला. डॉ. आशुतोष वशिष्ठ और द्वितीय सह-प्रांतपाल ला. आर.एस. मदान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रीजन के 3 ज़ोन के चेयरपर्सन एवं 9 क्लबों के पदाधिकारियों (PST) सहित भारी संख्या में सदस्य मौजूद रहे, जिससे हॉल खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम के दौरान सभी क्लबों ने अपने सेवा कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसके बाद शानदार 'बैनर प्रेजेंटेशन' का आयोजन हुआ।'जयपुर स्पार्कल' का दबदबासमारोह में लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल ने अपनी उपलब्धियों का परचम लहराया। क्लब ने निम्नलिखित श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त किए:पी.एस.टी. अवार्ड: अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के लिए।बैनर प्रेजेंटेशन: प्रथम पुरस्कार।अन्य सम्मान: सेवा कार्यों की रिपोर्टिंग, विशेष गतिविधियों के लिए अवार्ड, प्रश्नोत्तरी (Quiz) और लकी ड्रॉ में भी पुरस्कार जीता।क्लब अध्यक्ष ला. सुजाता स्वर्णकार को उनके सराहनीय कार्यों के लिए प्रांतपाल द्वारा 'सर्टिफिकेट' और 'पिन' प्रदान कर सम्मानित किया गया।महिला दिवस पर भावुक प्रस्तुतिअंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर स्पार्कल की महिला सदस्यों द्वारा "कोमल है, कमजोर नहीं" शीर्षक से एक मार्मिक प्रस्तुति दी गई। इस संदेशपरक कार्यक्रम ने हॉल में उपस्थित सभी सदस्यों को भावुक कर दिया और खूब तालियाँ बटोरीं। पुरस्कारों की इस बौछार और चारों ओर से मिल रही सराहना से क्लब के सभी सदस्यों के चेहरे पर अपार खुशी और गौरव का भाव साफ दिखाई दे रहा था।





# अभिषेक, शांतिधारा और 250 विदुषियों को भोजन कराकर मनाई विवाह की वर्षगांठ





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान (राजस्थान प्रांत) के प्रांतीय अध्यक्ष एवं समाज गौरव पदम जैन बिलाला व पुष्पा बिलाला ने अपनी विवाह की 56वीं वर्षगाँठ को पूर्णतः आध्यात्मिक और सेवा कार्यों के प्रति समर्पित रखा। इस विशेष दिन का शुभारंभ दंपति ने जनकपुरी जैन मंदिर में आर्यिका अर्हम श्री माताजी ससंघ के पावन सान्निध्य में भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा के साथ किया। बिलाला दंपति ने आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज से ऑनलाइन आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात मीरा मार्ग में विराजित आचार्य श्री सुंदर सागर जी एवं आचार्य श्री शशांक सागर जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने जनकपुरी में आगामी संघ प्रवास की व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की। इस अवसर पर दीपा-कमलेश पाटनी, सौभाग्य अजमेरा, सुनील-अलका सेठी, मिश्रीलाल काला, ताराचंद गोधा, महेश-नीना काला और राजेंद्र ठोलिया सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पाद प्रक्षालन का दुर्लभ अवसर

सायंकाल जनकपुरी में आचार्य श्री सुंदर सागर महाराज ससंघ (36 पिच्छी) के मंगल प्रवेश और 'शंका समाधान' कार्यक्रम के पश्चात, पदम-पुष्पा बिलाला को आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दंपति ने इन क्षणों को अपने जीवन की सबसे अनमोल उपलब्धि बताया।

## छात्रावास में सेवा कार्य

विवाह की वर्षगाँठ की खुशी को सार्थक करते हुए बिलाला परिवार द्वारा संत श्री सुधा सागर बालिका छात्रावास की 250 विदुषियों (छात्राओं) को सप्रेम भोजन कराया गया। भक्ति और करुणा के इस संगम की समाज के सभी वर्गों ने सराहना की।

# श्रीमहावीरजी में गणिनी आर्यिका आर्षमति माताजी द्वारा धर्म प्रभावना की धूम

**मुरैना/महावीरजी (मनोज जैन नायक)**

अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी में इन दिनों गणिनी आर्यिका आर्षमति माताजी ससंघ के सान्निध्य में धर्म की अविरल धारा बह रही है। जैनेश्वरी दीक्षा के पश्चात पूज्य माताजी का इस पावन क्षेत्र पर यह प्रथम आगमन है, जिससे श्रद्धालुओं में अपार उत्साह है।

## भक्ति और अनुष्ठानों का संगम

संघस्थ बाल ब्रह्मचारिणी कंचन दीदी के अनुसार, आचार्य ज्ञानसागरजी महाराज की शिष्या आर्यिका आर्षमति माताजी, आर्यिका अमोघमति, अर्पणमति एवं अंशमति माताजी के साथ कटला वाली धर्मशाला में विराजमान हैं। क्षेत्र पर प्रतिदिन सैकड़ों भक्त पहुँचकर माताजी के सान्निध्य में विधान और पूजन कर पुण्य अर्जन कर रहे हैं। मुख्य मंदिर के हॉल में आयोजित विधानों में श्रावकों द्वारा पाद प्रक्षालन और शास्त्र भेंट करने के अनुष्ठान निरंतर जारी हैं।

## धौलपुर समाज ने की महाअर्चना

विगत दिवस धौलपुर के सकल जैन समाज सहित एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों की समाजों ने माताजी के चरणों में श्रीफल अर्पित कर



अपने नगरों में चातुर्मास एवं आगमन का निवेदन किया। धौलपुर समाज ने 'बड़े बाबा' के दरबार में 48 दीपकों के साथ श्री 1008 भक्तामर पाठ का वाचन करते हुए भव्य महाअर्चना की। भक्तों ने आगामी 'महावीर जन्मकल्याणक' महोत्सव को भी माताजी के सान्निध्य में मनाने की उत्कट अभिलाषा व्यक्त की। माताजी ने अपने सारगर्भित प्रवचनों के माध्यम से सभी को धर्मवृद्धि का आशीर्वाद प्रदान किया।

# राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अतुलनीय: मधु पाटनी





**अजमेर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवं युवा महिला संभाग (अजमेर) की सरावगी मोहल्ला इकाई के तत्वावधान में 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की वरिष्ठ महिलाओं के सम्मान के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के विविध रूपों का प्रदर्शन किया गया।

## वरिष्ठ सदस्याओं का सम्मान

समारोह के दौरान समिति की संरक्षक श्रीमती निर्मला पांड्या एवं कमला देवी सोनी सहित 75 वर्ष से अधिक आयु की वरिष्ठ महिलाओं का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर एवं साड़ी ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान समाज और संगठन के विकास में उनके द्वारा दिए गए उल्लेखनीय योगदान और उपलब्धियों को रेखांकित किया गया।

## नारी शक्ति के विविध रूपों का जीवंत चित्रण

समारोह का मुख्य आकर्षण वह प्रस्तुति रही जिसमें सदस्याओं ने राष्ट्र की महान विभूतियों और विभिन्न कार्यक्षेत्रों का प्रतिनिधित्व किया:

झांसी की रानी: हीरामणि<br>
चिकित्सक: हिना काला<br>
अधिवक्ता: प्रतिभा दोषी<br>
शिक्षिका: नविता बाकलीवाल<br>
आयरन लेडी: इंद्रा पाटनी<br>
सुरक्षाकर्मी: अर्पणा जैन<br>
पार्श्व गायिका: किरण गोधा<br>
क्रिकेटर: आयुषी जैन<br>
माता: अंकिता कासलीवाल

## पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रगति

समिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी ने अपने संबोधन में कहा, आज की महिला गृहस्थी की जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ हर क्षेत्र में पुरुष वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में नारी शक्ति का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवा महिला संभाग अध्यक्ष सोनिका भैंसा एवं इकाई अध्यक्ष किरण गोधा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंत्री रिंकू कासलीवाल, सुषमा पाटनी, कोषाध्यक्ष रेनू



पाटनी एवं मंजू गंगवाल सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# नि:शुल्क अस्थि रोग जांच शिविर में 73 रोगी लाभान्वित, विशेषज्ञ सेवाओं का मिला लाभ



**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वावधान में 40वें नि:शुल्क अस्थि रोग जांच एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। श्रीमती गुणमाला देवी (स्व. कमलकुमार जैन पांड्या) के सौजन्य से आयोजित यह शिविर अरिहंत हेल्थ केयर सेंटर में संपन्न हुआ।

## विशेषज्ञों द्वारा परामर्श एवं जांचें

शिविर के मुख्य चिकित्सक जयपुर के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ डॉ. जितेश जैन (अस्थि, जोड़, लिगामेंट एवं घुटना प्रत्यारोपण विशेषज्ञ) ने अपनी सेवाएँ दीं। शिविर का शुभारंभ दानदाता वीर कैलाश चंद जैन पांड्या, संयोजक संदीप पांड्या, अशोक, वीरा सीता गंगवाल, सुशीला देवी गंगवाल और वीरा नीरजा गोयल ने सामूहिक रूप से किया।

## ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की भारी सहभागिता

वीरा अध्यक्ष सरोज पाटनी एवं वीर नरेश जैन ने जानकारी दी कि इस शिविर से कुचामन शहर सहित मीठड़ी, बागोट, चारणवास, हुडील, पदमपुरा, जुसरी, किशनगढ़, भेरुपुरा, बग्गा का बास (राजपुरा) और सबलपुर (मकराना) जैसे ग्रामीण क्षेत्रों के 73 लोग लाभान्वित हुए। शिविर के दौरान 22 एक्स-रे एवं 29 रक्त संबंधी जांचें पूरी तरह नि:शुल्क की गईं।

# महिला सशक्तिकरण: महावीर इंटरनेशनल ने सेवाभावी महिलाओं का किया अभिनंदन



**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'महावीर इंटरनेशनल परिवार' कुचामन सिटी द्वारा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्यों को फलीभूत करते हुए समाज की प्रतिष्ठित महिलाओं का सम्मान किया गया। डीडवाना रोड स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में आयोजित इस समारोह में चिकित्सा, राजनीति और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाली विभूतियों का बहुमान हुआ।

## सेवा और समर्पण का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा एवं राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. रजनी गावड़िया तथा दिव्यांगजन सेवा एवं मूक-बधिर विद्यालय की सचिव श्रीमती सुशील चौहान का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर एवं साफा व दुपट्टा ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। संस्था के सदस्यों ने मुंह मीठा करवाकर उनकी निस्वार्थ सेवाओं की सराहना की।

## संस्था के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति

इस सम्मान समारोह में अध्यक्ष वीर रामावतार गोयल, सचिव अजित पहाड़िया, कोषाध्यक्ष सुरेश जैन सहित संपत बगड़िया, सुरेंद्र सिंह दीपुरा और अशोक अजमेरा ने भाग लिया। महिला विंग की ओर से अध्यक्ष सरोज पाटनी और सचिव शारदा के साथ वीरा सुनीता, सीता गंगवाल, मंजू, राखी बड़जात्या, नीता बंसल और इन्दु सैन ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में सोहन लाल वर्मा, कल्पना, मनीषा पहाड़िया, कविता अग्रवाल, गुलाबो शर्मा और कल्पना बज का विशेष सहयोग रहा। सभी उपस्थित सदस्यों ने भविष्य में भी इसी प्रकार समाज सेवा के कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# महिला दिवस पर वुमेन्स पावर-2026 में 2 नारी गौरव व 12 प्रतिभाओं का सम्मान









**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान जैन युवा महासभा के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भट्टारकजी की नसियां में ह्वुमेन्स पावर-2026ह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पिछले दस वर्षों से लगातार आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम में इस वर्ष दो महिलाओं को नारी गौरव सम्मान तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 12 महिलाओं को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। रंग-बिरंगी साड़ियों में सजी महिलाओं की बड़ी उपस्थिति से सभागार खचाखच भरा रहा। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि दोपहर 1 बजे से शुरू हुए कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य, टैलेंट शो, लकी ड्रॉ, बम्पर हाउजी, नृत्य नाटिका सहित मनोरंजन के विविध कार्यक्रमों के साथ महिला सशक्तिकरण पर प्रेरक उद्बोधन और स्वास्थ्य संबंधी टॉक शो भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम की संरक्षिका अनिला कोठारी, शांति देवी, नीना तथा निशा पहाड़ियाँ रहीं। समारोह गौरव के रूप में समाजसेविका रेणू राणा उपस्थित थीं, जबकि मुख्य अतिथि समाजसेविका अंजू जैन और अध्यक्षता समाजसेविका ऋतु कासलीवाल ने की। कार्यक्रम की शुरूआत समाजसेविका रोशनी टॉक द्वारा भगवान महावीर के चित्र के अनावरण तथा प्रिया-मेनका बड़जात्या द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। विशिष्ट अतिथियों में सुनीता अजमेरा, रत्ना गंगवाल, किरण बगड़ा, सुनयना जैन, सारिका जैन और ममता-लविन छाबड़ा शामिल रहे। इस अवसर पर महिला उत्थान के लिए समर्पित प्रसिद्ध समाजसेविका रेणू राणा तथा सेवा कार्यों में सक्रिय वरिष्ठ समाजसेविका एवं मंच संचालक इंदिरा बड़जात्या को नारी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन, समाज सेवा, कला व संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. वंदना जैन, डॉ. विनी गंगवाल, डॉ. ईशा जैन, डॉ. बरखा जैन, अनुष्का जैन, प्रज्ञा जैन, मोनिका जैन, पूनम जैन तिलक, किरण बगड़ा, रत्ना गंगवाल, सेजल जैन और नेहा जैन को प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही अंजु बैराठी द्वारा संचालित अर्हम फाउंडेशन को निर्धन व जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईपीएस मालिनी अग्रवाल ने महिला सुरक्षा और पारिवारिक रिश्तों को सुदृढ़ बनाने के विषय पर विचार व्यक्त किए। लेखा अधिकारी शशि जैन ने जीवन जीने की कला और महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला, जबकि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलम जैन ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए किशोरियों के टीकाकरण के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान नीतू जैन मुल्तान को बेस्ट कार्यकर्ता के रूप में सम्मानित किया गया। उन्होंने महासभा द्वारा पिछले तीस वर्षों में किए गए सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों की जानकारी भी दी। महिला सदस्यों द्वारा प्रस्तुत नारी शक्ति नृत्य नाटिका ने दर्शकों का विशेष आकर्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन विनोद जैन कोटखावदा, सुभाष बज, मीना चौधरी, नीतू जैन मुल्तान एवं मृदुला पाटनी ने किया। अंत में लकी ड्रॉ व बम्पर हाउजी के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा विनोद जैन कोटखावदा व सुभाष बज ने आभार व्यक्त किया।

## खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिन मणिप्रभ सूरीश्वरजी 'राष्ट्रीय रत्न' की उपाधि से अलंकृत

**संकलन: अभिषेक जैन लुहाड़िया**

**रामगंजमंडी।** श्वेताम्बर जैन समाज के 66 वर्षीय खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिन मणिप्रभ सूरीश्वर म.सा. को राजस्थान एवं महाराष्ट्र सरकार ने संयुक्त रूप से 'राष्ट्रीय रत्न' की उपाधि से विभूषित किया है। इस ऐतिहासिक घोषणा से संपूर्ण जैन समाज गौरवान्वित है। श्री आदिनाथ जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार पारख ने बताया कि प्रथम दादा गुरुदेव आचार्य जिनदत्त सूरीजी के देवलोक गमन के 871 वर्ष पश्चात जैसलमेर में 6 से 8 मार्च तक उनकी चमत्कारी चादर का अभिषेक महोत्सव आयोजित हुआ। मान्यता है कि इसी चादर के जल के छिड़काव से जैसलमेर की महामारी समाप्त हुई थी। पूज्य मणिप्रभ सूरीश्वरजी के सान्निध्य में आयोजित इस महोत्सव में हजारों श्रद्धालु सम्मिलित हुए। महोत्सव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवं महाराष्ट्र के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा (संयोजक) सहित अनेक सांसद व विधायक उपस्थित रहे। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसानराव बागडे ने आचार्य श्री के 52 वर्षों के संयम जीवन, 300 जिन मंदिरों की प्रतिष्ठा और 160 दीक्षाओं के महान कार्यों को देखते हुए उन्हें 'राष्ट्र रत्न' की उपाधि प्रदान करने की घोषणा की।

### विश्वभर में 1 करोड़ 8 लाख 'गुरु इकतीसे' के पाठ

आचार्य श्री के आह्वान पर 7 मार्च को संपूर्ण विश्व में जैन एवं जैनेतर समाज द्वारा 1 करोड़ 8 लाख दादा गुरुदेव के इकतीसे का पाठ किया गया। रामगंजमंडी की दादाबाड़ी में भी राजकुमार पारख, सुरेंद्र रांका और सुशील गोखरू सहित भारी संख्या में समाजजनों ने सामूहिक पाठ कर पुण्य अर्जन किया। रामगंजमंडी के बाजार नंबर 3 में नवनिर्मित भगवान आदिनाथ मंदिर की प्रतिष्ठा भी राष्ट्र रत्न आचार्य श्री के कर-कमलों से संपन्न होगी। इसके लिए पूज्य गुरुदेव ने 9 मार्च को जैसलमेर से रामगंजमंडी हेतु विहार प्रारंभ कर दिया है।

